**कार्यालयीन उपयोग हेतु**

1. निविदा प्रपत्र का अनुक्रमांक.........................................................

2. निविदा प्रपत्र जारी करने का दिनांक.........................................

3. निविदा प्रपत्र जारी करने वाले अधिकारी के हस्ताक्षर एवं सील.........................................................................................

# राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर (म.प्र)

**पोलीपाथर, ग्वारीघाट रोड, जबलपुर – 482 008**

## निविदा प्रपत्र

**PRINTING OF SFRI PUBLICATIONS**
**(For One year )**

निविदा जमा करने की तिथि 28.01.2019 समय अपरान्ह 03:30 बजे तक

निविदाएँ खोलने की तिथि 28.01.2019 समय अपरान्ह 04:00 बजे

# राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर (म.प्र.)

## निविदा प्रपत्र

**(संस्थान के प्रिंटिंग कार्य हेतु)**

**1. निविदाकार की व्यक्तिगत जानकारीः**

(क) निविदाकार का नाम.......................................................................................................

(ख) फर्म का पता...................................................................................................................

(ग) फर्म का पंजीयन क्रमांक...................................................................................................

(घ) पत्र व्यवहार हेतु पूरा पता.................................................................................................

.............................................................................................................................................

.............................................................................................................................................

(च) दूरभाष क्र........................................................................................................................

(छ) ई–मेल पता .....................................................................................................................

(ज) प्रिंटिंग प्रेस का पता.........................................................................................................

.............................................................................................................................................

(झ) आयकर स्थाई लेखा क्रमांक.............................................................................................

**2. संलग्न सुरक्षा निधि राशि का विवरणः**

(क) बैंकर्स चैक/बैंक ड्राफ्ट क्रमांक..........................................दिनांक.......................................

(ख) बैंक व शाखा का नाम......................................................................................................

(ग) सुरक्षा निधि की राशि (रूपयों में)......................................................................................

**3. प्रस्तावित मुद्रण दरेंः**

मैं राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर की विभिन्न शाखाओं के मुद्रण कार्य (01वर्ष) हेतु संलग्न स्पेसिफिकेशन्स (Annexure-1,2,3&4) में निम्नानुसार दरें प्रस्तावित करता हूँ।

# राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर (म.प्र.)

## प्रिंटिग कार्य हेतु आहूत निविदा की शर्तें एवं अनुदेश

**1. निविदाकार की अर्हताएँ :**

a) निविदाकार के पास जबलपुर नगर में स्वयं के स्वामित्व की ऑफसेट मुद्रण/प्रिंटर/बाईडिंग मशीन की सुविधा होनी चाहिए।

b) निविदाकार का आयकर विभाग तथा वाणिज्यिक कर विभाग पंजीयन होना चाहिए। निविदाकार निविदा के साथ आयकर विभाग के स्थाई लेखा क्रमांक आवंटन प्रमाण पत्र एवं वाणिज्यिक कर विभाग के पंजीयन प्रमाण पत्रों की छायाप्रतियाँ प्रस्तुत करेगा।

**2. निविदा अभिलेख :**

**(i)** निविदा अभिलेख संस्थान कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में कार्यालयीन समय में रू. 300/– (तीन सौ रूपए मात्र) को नगद भुगतान कर क्रय किए जा सकते हैं।

**(ii)** प्रदायित निविदा अभिलेखों में निविदा प्रपत्र, निविदा शर्तें तथा स्पेसिफिकेशन्स सम्मिलित होंगे।

**3. निविदा प्रस्तुत करने की विधि :**

**(i)** निविदा केवल संस्थान कार्यालय से प्राप्त निविदा प्रपत्र में ही स्वीकार की जावेगी।

**(ii)** निविदा के साथ निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत किए जाएंगे:

(A) आयकर विभाग के स्थाई लेखा क्रमांक आवंटन प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

(B) वाणिज्यिक कर विभाग के पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति।

(C) निविदा शर्तों की निविदाकार द्वारा हस्तलिखित एक प्रति।

(D) स्पेसिफिकेशन्स की निविदाकार द्वारा हस्ताक्षरित एक प्रति।

(E) प्रिंटिग कार्य हेतु निविदाकार द्वारा हस्ताक्षरित नमूने कागज की गुणवत्ता के लिए अलग–अलग।

**(iii)** निविदाएँ केवल मुहरबंद लिफाफे में स्वीकार की जावेंगी।

**(iv)** मुहरबंद लिफाफे के ऊपर ''प्रिंटिग कार्य हेतु'' निविदा खोले जाने की तिथि **28.01.2019** स्पष्ट रूप से लिखा जाए।

**(v)** निविदाएँ व्यक्तिगत रूप से संस्थान कार्यालय में प्रस्तुत की जाए अथवा पंजीकृत डाक से भेजी जाए।

**4. निविदा प्रस्तुत करने की समय सीमा :**

**(i)** निविदाएँ दिनांक **28.01.2019** समय **3.30 बजे** अपरान्ह तक ही स्वीकार की जाएंगी।

**(ii)** निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त निविदाएँ किसी भी स्थिति में नहीं खोली जाएंगी।

**(iii)** डाक से निविदा भेजने की स्थिति में डाक में होने वाले विलंब की जिम्मेदारी संस्था की नहीं होगी।

**5. निविदा खोला जाना:**

निविदाएँ उपस्थित एवं इच्छुक निविदाकारों अथवा उनके प्रतिनिधियों के समक्ष दिनांक **28.01.2019** को अपरान्ह **4.00 बजे** संस्थान कार्यालय में खोली जाएंगी।

**6. निविदा परिणाम की घोषणा:**

**(i)** निविदाएँ खोली जाने की तिथि से एक सप्ताह के अंदर निविदा परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

**(ii)** किसी भी निविदा को बिना कारण दर्शाये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार संस्थान के संचालक को होगा।

**7. मुद्रण हेतु समयावधि:**

संस्थान द्वारा प्रिटिंग हेतु प्रदाय की गयी सामग्री को प्रिंट करके निर्धारित समय सीमा के अंतराल पर संस्थान कार्यालय को उपलब्ध करानी होगी।

**8. मुद्रण कार्य की गुणवत्ता :**

**(i)** सफल निविदाकार को जब भी मुद्रण सामग्री प्राप्त हो, वह निर्धारित समय सीमा में प्रिंटिग कार्य हेतु बाध्य होगा।

**(ii)** प्रकाशन सामग्री संस्थान द्वारा निर्धारित स्पेसिफिकेशन्स के अनुसार तथा निविदा के साथ संलग्न कागज की स्वीकृत नमूनों पर मुद्रित की जाएगी।

**(iii)** मुद्रण संबंधी कार्य उच्च गुणवत्ता का होना चाहिए एवं प्रिंटिग कार्य हेतु उपयोग में लायी गयी मशीन उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए।

**9. क्षतिपूर्ति:**

**(i)** प्रिंटिग कार्य कार्य में अधिक विलंब होने पर या निर्धारित समय सीमा में कार्य नही करने पर या मना करने पर यह कार्य किसी अन्य मुद्रक से करा लिया जावेगा।

**(ii)** मुद्रण कार्य निर्धारित गुणवत्ता का न पाए जाने पर अथवा मुद्रण में त्रुटियाँ होने पर मुद्रण की कुल राशि का 20 प्रतिशत की क्षतिपूर्ति अधिरोपित की जावेगी।

**(iii)** यदि संस्थान के संचालक की राय में मुद्रण कार्य की गुणवत्ता बहुत असंतोषजनक है तथा मुद्रण में काफी त्रुटियाँ हुई हैं, तो वह मुद्रित प्रतियों को स्वीकार करने से इन्कार कर सकेगा एवं उपरोक्त शर्त क्रमांक 9 (ii) में दी गई क्षतिपूर्ति भी अधिरोपित की जा सकेगीं

**(iv)** सफल निविदाकार को सहमति उपरांत मुद्रण कार्य करने से इनकार करने पर या छोड़ देने पर सम्पूर्ण धरोहर राशि राजसात की जा सकेगी।

**(v)** उपरोक्त शर्त क्रमांक 9 (i) से (v) के संबध में गई कार्यवाही बावत् संस्थान के संचालक का निर्णय अंतिम तथा बंधनकारी होगा।

**10. मुद्रण देयक का भुगतान:**

**(i)** मुद्रण के पश्चात् भुगतान हेतु देयक प्राप्त होने पर एक माह में अंदर भुगतान किया जावेगा।

**(ii)** मुद्रण देयक को भुगतान करते समय नियमानुसार देय आयकर/अन्य करों की कटौती की जाएगी तथा तदानुसार इस का प्रमाण पत्र सफल निविदाकार को दिया जावेगा।

**11. सुरक्षा निधि राशिः**

**(i)** निविदाकार द्वारा रू. 5000/– (रूपये पांच हजार) मात्र की सुरक्षा निधि राशि बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चैक द्वारा **संचालक, राज्य वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर** के नाम देय हो प्रपत्र के साथ जमा की जावेगी जो कि कार्य पूर्ण होने तक संस्थान सुरक्षा निधि के रूप में जमा रहेगी। निविदा शर्तो का उल्लघंन करने पर राशि राजसात करने का अधिकार संचालक को होगा।

**(ii)** सुरक्षा निधि राशि बैंकर्स चैक अथवा डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से जो **"संचालक, एस.एफ.आर आई, जबलपुर"** के नाम देय हो, जमा की जावेगी।

**(iii)** सुरक्षा निधि की राशि के बगैर निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।

**(iv)** असफल निविदाकारों को सुरक्षा निधि राशि निविदा परिणाम घोषित होने के एक सप्ताह के अंदर वापस कर दी जाएगी।

**(v)** सफल निविदाकार द्वारा जमा की सुरक्षा निधि राशि धरोहर राशि, के रूप में जब तक मुद्रण कार्य पूरा नहीं हो जाता, संस्थान के संचालक के पास जमा रहेगी।

**(vi)** मुद्रण कार्य पूर्ण होने पर सफल निविदाकार की धरोहर राशि शर्त क्रमांक 9 में निर्दिष्ट शर्तों की राशि (यदि कोई हो) की कटौती उपरांत उसे लौटा दी जाएगी।

**12. न्यायालय की अधिकारिताः**

किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में केवल जबलपुर स्थित सक्षम न्यायालय की अधिकारिता होगी।

## घोषणा

मैं..........................................................(निविदाकार) घोषणा करता हूँ कि मैने उपरोक्त सभी शर्तों/अनुदेशों/एनेक्सर –1, 2, 3 एवं 4 को ठीक से समझ लिया गया है तथा मुझे उपरोक्त सभी शर्तें स्वीकार हैं।

स्थानः.............................. निविदाकार के हस्ताक्षर

दिनांक.............................. नामः..................................................